पार्सलों की बुकिंग पर माल भाड़े का पूर्व भुगतान करना आवश्यक है । पार्सलों की पुर्नबुकिंग के लिए भी परेषक को दत्त पार्सल रवन्ना को जारी करने के लिए माल भाड़ा प्रभारों का भुगतान करना अपेक्षित होता है । इस प्रकार का भुगतान या तो व्यक्तिगत तौर पर या एजेन्ट के द्वारा यह मनीआर्डर द्वारा किया जा सकता है । परेषिती द्वारा पार्सल परेषणों की सुपुर्दगी न लेने के मामले में रेलवे की आमदनी में होने वाली हानि से बचने के लिए रेले पार्सल परेषणों के लिए माल भाड़ा प्रभार के भुगतान पर जोर देती हैं।

झारखंड आंदोलन के कारण रेल विभाग को हुआ घाटा

4780. **श्री दिलीप सिंह जूदेव:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान झारखंड आंदोलन तथा अन्य आकस्मिकताओं के कारण रेल विभाग को हुए घाटे का वर्ष–वार ब्यौरा क्या है;

(ख) प्रत्येक वर्ष में रेल विभाग को हुए घाटे के साथ ही उक्त कारणों से रेल–सेवा किस सीमा तक प्रभावित हुई है;

(ग) इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है; और

(घ) स्थिति से निपटने तथा रेल संपत्ति की सुरक्षा हेतु उठाये गये कदमों का ब्यौरा क्या है ?

रेल मंत्री (श्री सी० के० जाफर शरीफ):

(क) और (ख): पिछले तीन वर्षों के दौरान झारखंड आंदोलन तथा अन्य आकस्मिकताओं के कारण रेलों को हुई हानि इस प्रकार है :–

वर्ष	मामले			उठाई गई अनुमानित हानि (लाख रुपयों में)
	तोड़–फोड़ और आगजनी के	पटरी से उतरने के	बाधा पड़ने के	
1991	8	5	8	5.16
1992	6	3	19	0.47
1993	41	8	57	48.86

(ग) और (घ) चूंकि यह समस्या कानून एवं व्यवस्था की है इसलिए स्थिति से निपटने और रेल संपत्ति को क्षति से बचाने के लिए राज्य के पुलिस प्राधिकारियों से निकट संपर्क बनाए रखा जाता है। रात–दिन भेद्य स्थलों महत्वपूर्ण संस्थापनाओं की चौकसी की जाती है, रेल पथ पर गश्त लगाई जाती है, दो स्टेशनों के बीच रेल लाइनों के आस-पास सशस्त्र पहरेदारी की जाती है । इसके अतिरिक्त महत्वपूर्ण गाड़ियों के आगे–आगे सशस्त्र रक्षकों की देख–रेख में पायलट इंजन चलाए जाते हैं। ट्रालियों मोटर ट्रालियों तथा टावर मालडिब्बों द्वारा व्यापक रूप से गश्त भी लगाई जाती है।

रेल लाइनों के गेज–परिवर्तन के लिए निर्धारित लक्ष्य

4781. **श्रीमती चन्द्रिका अभिनन्दन जैन** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में मंडल–वार और राज्य-वार गेज-परिवर्तन की योजना कब तक पूरी करने का लक्ष्य रखा गया है;